प्रैस विज्ञप्ति

अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ के प्रांगण में दिनांक 07–09–2019 को राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत साक्षरता के विषय पर एक रैली निकाली गई। इस रैली को महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्णकान्त गुप्ता द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस रैली का उद्देश्य नागरिकों को शिक्षा का महत्व बताना था। प्राचार्य महोदय ने कहा आज हमें तेज़ रफतार युग के साथ चलना है तो हमें शिक्षा ग्रहण करनी होगी, शिक्षा के द्वारा जहाँ हम अपना विकास कर पाएँगे वहीं अपने परिवार, समाज और राष्ट्र का विकास भी करेंगे। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने प्राचार्य जी के शब्दों का अनुसरण करते हुए

तुम मानों मेरा कहना, शिक्षा से कभी दूर ना रहना

हम बच्चों का नारा है, शिक्षा का अधिकार हमारा है

इस रैली में महाविद्यालय के 100 से अधिक एन.एस.एस. स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं ने भाग लिया। इस रैली का आयोजन महाविद्यालय के एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अशोक निराला व डॉ. रितु की देख–रेख में किया गया।